-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 26.05.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना मानव तस्करी रोधी (AHT), विशेष किशोर पुलिस इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन व अन्य संयुक्त टीमों द्वारा गुम/भटके हुए 12 वर्षीय बच्चे के परिजनों का पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक श्री शिवराज के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन मुस्कान" के क्रम में आज दिनांक 26.05.2026 को विशेष किशोर पुलिस इकाई (SJPU), थाना मानव तस्करी रोधी पुलिस (AHTU), चाइल्ड हेल्पलाइन व अन्य संयुक्त टीम द्वारा गुम/भटके हुए 12 वर्षीय बच्चे के परिजनों को पता लगाकर सकुशल बच्चे को उसकी मां को सुपुर्द किया गया है। गौरतलब हो कि दिनांक 09.05.2026 को खुरहण्ड क्षेत्र में एक 12 वर्षीय बच्चा मिला था, जो मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण अपना नाम एवं पता स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहा था। बच्चे की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उसे तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन सेंटर भेजा गया। इसके बाद संयुक्त टीमों द्वारा लगातार बच्चे के परिजनों की तलाश की जा रही थी। बच्चे की पहचान हेतु उसकी जानकारी एवं फोटो चाइल्ड हेल्पलाइन के विभिन्न राज्यों के समूहों में साझा की गई। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के जनपद रीवा से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त बालक कुछ समय पूर्व वहां के बाल संरक्षण गृह में रह चुका है। विस्तृत जानकारी करने पर पता चला कि लगभग एक वर्ष पूर्व यह बच्चा अपने घर से लापता हो गया था, जिसे रीवां बाल संरक्षण गृह द्वारा बाद में वाराणसी में उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया था। तथा पुनः बच्चा घर से निकल गया और भटकते हुए जनपद बांदा पहुंच गया था। संयुक्त टीम के अथक प्रयासों एवं संवेदनशील कार्यशैली के परिणामस्वरूप आज दिनांक 26.05.2026 को बच्चे को उसकी मां को सुपुर्द कर दिया गया। अपने बच्चे को सकुशल पाकर मां एवं परिजनों की आंखें खुशी से नम हो गईं तथा उन्होंने पुलिस टीम, चाइल्ड हेल्पलाइन सहित संबंधित सभी विभागों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

संयुक्त पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री अखिलेश प्रताप सिंह प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई (SJPU)
2. उ0नि0 श्री अनिल कुमार उपाध्याय थाना मानव तस्करी रोधी (AHT)
3. श्री आकाश यादव प्रभारी चाइल्ड हेल्पलाइन
4. श्री प्रभाकर द्विवेदी चाइल्ड हेल्पलाइन
5. कां0 प्रशांत यादव
6. म0 कां0 स्वेतलाना मौर्या